24/06/2024

आकाशवाणी ईटानगर

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज पापू नाला से निरजुली तक एनएच-415 फोर लेन हाईवे के पैकेज बी की धीमी प्रगति पर निराशा व्यक्त की। श्री खांडू ने समीक्षा बैठक में देरी की आलोचना की और अधिकारियों को गुणवत्ता बनाए रखते हुए निर्माण में तेजी लाने का निर्देश दिया। सार्वजनिक लाभ के लिए समय पर बुनियादी ढांचे के विकास के महत्व पर जोर देते हुए, खांडू ने यात्रियों को होने वाली असुविधा को उजागर किया और इस मुद्दे को हल करने के लिए त्वरित कार्रवाई का आग्रह किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने ईटानगर-नाहरलगुन और राज्य की राजधानी के अन्य हिस्सों में भारी बारिश के कारण हुए नुकसान की तत्काल मरम्मत का निर्देश दिया ताकि यातायात का सुचारू प्रवाह सुनिश्चित हो सके और दैनिक दिनचर्या में न्यूनतम व्यवधान हो।

0000000000000000000000

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री बियुराम वाहगे ने आज कार्यभार संभालने के बाद पहली बार नाहरलागुन में ट्रीम्स का दौरा किया और pediatric health unit और आईसीयू का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बोलते हुए, श्री वाहगे ने ट्रीम्स को अत्याधुनिक चिकित्सा केंद्र में बदलने का संकल्प लिया, जिससे अरुणाचल प्रदेश के लोगों के लिए उनके गृह राज्य में स्वास्थ्य सेवा सुलभ हो सके। अपने दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने समग्र स्वास्थ्य सेवा सुलभता में सुधार के लिए राज्यभर में जिला अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को विकसित करने के महत्व पर जोर दिया।

इस बीच, अरुणाचल प्रदेश में बढ़ते कैंसर के मामलों के ज्वलंत मुद्दे को रेखांकित करते हुए, उन्होंने कहा कि कैंसर का जल्द पता लगाने और उपचार के लिए टीम्स में प्रयास चल रहे हैं और इन पहलों पर निरंतर अपडेट का आश्वासन दिया।

0000000000000000000000000000

18वीं लोकसभा का पहला सत्र आज नव निर्वाचित सांसदों के शपथ लेने के साथ शुरू हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले सदन के सदस्य के रूप में शपथ ली। प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने श्री मोदी को शपथ दिलाई। आज सुबह, प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शपथ दिलाई। नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव बुधवार को होगा। राष्ट्रपति बृहस्पतिवार को संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। राज्यसभा का सत्र बृहस्पतिवार से ही शुरू होगा। संसद सत्र तीन जुलाई को सम्पन्न होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 18वीं लोकसभा का सत्र विकसित भारत के निर्माण के संकल्प के साथ शुरू हो रहा है। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार देश की सेवा करने और जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की जनता विपक्ष से उचित आचरण की आशा करती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि विपक्ष लोकतंत्र की गरिमा बनाए रखने के लिए उनकी उम्मीदों पर खरा उतरेगा। श्री मोदी ने कहा कि देश को एक जिम्मेदार विपक्ष की जरूरत है।

00000000000000000000000000

बिहार पुलिस ने नीट-यूजी परीक्षा प्रश्न पत्र लीक मामले में 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई ने बताया कि नीट-यूजी परीक्षा का प्रश्नपत्र झारखंड के हजारीबाग से एक पेशेवर गिरोह ने लीक किया था। मामले की जांच अभी जारी है।एक प्रेस विज्ञप्ति में आर्थिक अपराध इकाई ने कहा कि पेपर लीक मामला राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा निर्धारित परिवहन, भंडारण, हैंडओवर और टेकओवर की मानक संचालन प्रक्रिया में छेड़छाड़ के कारण हुआ।लीक हुआ पेपर हज़ारीबाग के ओएसिस स्कूल के लिए था, जो परीक्षा तिथि से पहले पटना में पाया गया। लीक के दो मास्टरमाइंड गिरफ़्तार किए गए हैं। बलदेव कुमार उर्फ चिंटू को झारखंड के देवघर से गिरफ़्तार किया गया।

0000000000000000000

राजनीतिक सहायक श्री अमुत नोपी के असामयिक निधन पर आज यिंगकियोंग स्थित डीसी कार्यालय में शोक सभा आयोजित की गई। वे सत्तावन वर्ष के थे। श्री अमुत नोपी का निधन 22 जून, 2024 को हालेंग गांव में उनके निवास पर लंबी बीमारी के बाद हुआ था। अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके सम्मान में एक मिनट का मौन रखा और उनके शोक संतप्त परिवार को शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। चार दिसंबर, उन्नीस सौ छाछट को जन्मे स्वर्गीय नोपी तेईस अगस्त, उन्नीस सौ इक्यानवे को पीआई के रूप में सरकारी सेवा में शामिल हुए और बाद में उन्हें राजनीतिक सहायक के रूप में पदोन्नत किया गया। उनकी ईमानदारी और समर्पण के लिए उन्हें राज्य सरकार और जिला प्रशासन से प्रशंसा मिली। उनके परिवार में एक बेटा और दो बेटियाँ हैं।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (DDMA) ने ईटानगर राजधानी क्षेत्र के उन निवासियों को सार्वजनिक नोटिस जारी किया है, जिन्होंने प्राकृतिक नालों पर घर या दुकानें बनाई हैं या सड़क के किनारे निर्माण का मलबा फेंका है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने चेतावनी दी है कि इन कार्यों के कारण जलमार्ग अवरुद्ध हो गए हैं और हाल ही में मानसून के मौसम में भूस्खलन, बाढ़ और सड़क अवरोधों में योगदान दिया है। जान-माल के नुकसान को रोकने के लिए, प्राधिकरण ने संवेदनशील क्षेत्रों को तुरंत खाली करने का आदेश दिया है और स्पष्ट किया है कि जो लोग चेतावनी की अनदेखी करते हैं, वे अपने जोखिम पर ऐसा करते हैं और उन्हें मुआवज़ा नहीं मिलेगा। प्राधिकरण ने आपात स्थिति के लिए संपर्क नंबर भी प्रदान किया है और यह सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय मीडिया और अधिकारियों के साथ काम कर रहा है कि संदेश सभी प्रभावित निवासियों तक पहुँचे।

0000000000000000000000000

Department of indigenous affairs ने जिला प्रशासन के सहयोग से शनिवार को पासीघाट एंगो ताकर देरे में पुरोहित संस्कृति के संरक्षण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस अवसर पर बोलते हुए पासीघाट पूर्व के विधायक इंजीनियर तापी दारांग ने अच्छे अभ्यासों और जन भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से आयोजित करने के लिए आयोजकों की प्रशंसा की।

इस बीच समाज में पुरोहितों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्होंने उनसे अपनी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक जिम्मेदारियों को निभाने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा कि पुरोहित समाज की रीढ़ हैं और स्वदेशी धर्म के विकास के लिए जिम्मेदार हैं।

0000000000000000000000